हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

9 समाधान शिविर में खंभों पर लगे बिजली मीटरों के ...


10 माकपा ने मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर किया


GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING — 2 Years GNM Pass
GNM — 3 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
ANM — 2 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING — 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933





### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 22 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में 22 जुलाई को प्रातः 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर आदि व्यवसाय से पास व अध्ययनरत लड़के-लड़कियां भाग ले सकते हैं। आईटीआई भिवानी के प्रधानाचार्य इंद्रसिंह ने बताया कि रोजगार मेले में टोयोत्सु अंबिका ऑटोमोटिव सेफ्टी कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बादली झज्जर आदि प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगे। आईटीआई पास छात्र-छात्राएं, जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष तक हो, वह भाग ले सकते हैं। वर्ग अनुदेशक वीरेंदर कुमार ने रोजगार मेले में हिस्सा लेकर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

विधायक ने उद्घाटन समारोह स्थल का किया निरीक्षण

# मेडिकल कॉलेज उद्घाटन समारोह होगा ऐतिहासिक

**जींद में प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश की जनता को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे: घनश्याम सर्राफ**

**भिवानी में मेडिकल कॉलेज से आसपास के जिलों के लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिल पाएंगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ने नवनिर्मित पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज में होने वाले उद्घाटन समारोह स्थल का निरीक्षण किया। विधायक ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सर्राफ ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की जनता को करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात देंगे। जींद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी भिवानी को मेडिकल कॉलेज की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि भिवानी में मेडिकल कॉलेज से भिवानी ही नहीं आसपास जिलों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधित बहतरीन सुविधाएं मिल पाएंगे।


**भिवानी।** मेडिकल कॉलेज उद्घाटन समारोह का निरीक्षण करते विधायक घनश्याम सर्राफ व अन्य।

### रोहतक और हिसार की तरफ नहीं जाना पड़ेगा: विधायक

स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को लेकर उनके रोहतक व हिसार की तरफ नहीं जाना पड़ेगा, सभी सुविधाएं भिवानी में ही मिल पाएंगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज से लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल पाएगा। भिवानी शहर का विकास भी होगा। विधायक सर्राफ ने बताया कि पीएम मोदी जींद से मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। ऑनलाइन हो समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

# पंडाल में बनाए छह अलग-अलग सेक्टर, मंच पर लगाई बड़ी स्क्रीन

**उपायुक्त ने मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ समारोह की तैयारियों को दिया अंतिम रूप**

**आज सुबह नौ बजे शुरू होगा कार्यक्रम जींद से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का दिखाया जाएगा सीधा प्रसारण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला मुख्यालय पर मिल्क प्लांट के पास 17 जुलाई को सुबह नौ बजे आयोजित होने वाले पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के उद्घाटन समारोह की तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं।

डीसी साहिल गुप्ता ने गुरुवार को समारोह स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अंतिम रूप दिया। वाटरप्रूफ पंडाल में होने वाले समारोह को भव्य रूप प्रदान दिया गया है। वहीं दूसरी ओर जींद में आयोजित



होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तरह ही जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा, जिसको लेकर जिला प्रशासन, मेडिकल कॉलेज प्रशासन और भाजपा की जिला इकाई द्वारा रूपरेखा तैयार की गई है। समारोह में शामिल होने वाले अधिकांश लोग इलेक्ट्रिक वाहनों और साइकिल पर आएंगे। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। उनके अलावा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र कौशिक, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकर धूपड़, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन मीना परमार और हरियाणा अनुसूचित आयोग के उपाध्यक्ष बिजेंद्र बडग़ुज्जर सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जींद से देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी 14 हजार 700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

- भिवानी का नवनिर्मित पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज होस्पिटल भी इन परियोजनाओं में शामिल है।
- प्रधानमंत्रीके के कार्यक्रम का भिवानी में मिल्क प्लांट के पास मेडिकल कॉलेज परिसर में सीधा प्रसारण होगा।
- जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए वाटप्रूफ पंडाल बनाया है जिसमें वीआईपी लोगों को जगह मिलेगी।
- मंच पर अलग-अलग छह सेक्टर बनाए गए हैं। मुख्य मंच पर 12 बाई 26 की एलईडी लगाई जाएगी।
- पंडाल में दो अन्य एलईडी भी लगाई जाएंगी ताकि पंडाल में पीछे बैठे लोग भी कार्यक्रम को आसानी से देख सकें।
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखा जाएगा
- डीसी द्वारा समारोह स्थल के निरीक्षण के दौरान एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, जीएम रोड़वेज दीपक कुंडू, पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज से उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार और डीआइओ आदि मौजूद रहे।




फ्लैट 0% कटौती* एक्सचेंज पर पुराने सोने (9 कैरेट जितना कम) को एक्सचेंज करके डायमंड ज्वेलरी खरीदने पर.
Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.
शोरुम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000



मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?

तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'



उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली, 'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।

बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'



गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका, 'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।



'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

**अनुवादः सेतु अंताणी**



• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**- संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

# बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशनः** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदेः** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिकाः** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरीः** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है। सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *





**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिकाः** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्यः** 135 रुपए, **प्रकाशकः** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)


## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।







अगमजोत, कोंडागांव




आशुतोष, उमरिया




ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### पहाड़ी माता मंदिर परिसर में लगाए पौधे

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में गुरुवार प्रातः गांव नकीपुर स्थित पहाड़ी माता मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधरोपण अभियान का चलाया। कार्यक्रम में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार दलाल, तहसीलदार प्रियंका, बीडीपीओ अमित तक्षक और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने पौधें लगाए। पौधरोपण अभियान का आयोजन युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति दुल्हेड़ी ने किया। एडीसी करवा ने पौधरोपण करते हुए कहा कि पौधें केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य की नींव भी रखते हैं।

### प्राचीन श्याम मंदिर में देवी भागवत कथा का आयोजन

**भिवानी।** बर्तन बाजार स्थित ऐतिहासिक प्राचीन श्याम मंदिर में आज श्रद्धा, भक्ति और दिव्य ऊर्जा के साथ 'देवी भागवत कथा' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कथाव्यास के पावन आसन से सुप्रसिद्ध कथावाचक योगेंद्र शशि भूषण भारद्वाज (छोटे काशी वाले)' ने अपनी ओजस्वी और सुमधुर वाणी से देवी महात्म्य का जीवंत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि देवी भागवत महापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के अंतःकरण की शुद्धि होती है, जन्म-जन्मांतर के कष्ट दूर होते हैं और परिवार में सुख, समृद्धि व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा के दौरान पूरा परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय संतों, आचार्यों और प्रबंधकों का विशेष योगदान रहा।

### स्मार्ट मीटरों का डटकर विरोध करेगी जजपा

**बाढ़ड़ा।** जजपा किसान सैल प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बिजली का निजीकरण कर कृषि ट्यूबवेलों पर स्मार्ट मीटरों लगाकर किसान व ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं पर बोझ डालने का काम कर रही है। बढती महंगाई से परेशान आमजन पर जजपा प्रदेश के किसी उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालने देगी। यह बात उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश में किसान व कृषि सबसे अधिक उपेक्षा झेल रहा है। केन्द्र सरकार की तेल मूल्यवृद्धि व उपकरणों के भाव तथा खाद बीज के भावों में अप्रत्याशित बढोतरी से पहले ही प्रदेश का किसान महंगाई की मार झेल रहा है और कृषि कार्य घाटे का सौदा बन गई है।

### धीरज अखरिया की ताई का निधन, जताया शोक

**भिवानी।** जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया समन्वयक धीरज अखरिया की ताई सीता देवी का गत 13 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। सीता देवी के निधन पर कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक पार्टियों, सामाजिक संगठनों व शहर के गणमान्य लोगों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक प्रकट किया। सीता देवी के निधन पर कांग्रेस नेता संदीप सिंह, रामप्रताप शर्मा, आरएसएस के सत्यनारायण मित्तल, ज्ञानीराम मित्तल, संदीप खरकिया, रमेश हेतमपुरिया, रामफल भारद्वाज, बल्लू नई बस्ती, मुख्तायार सिंह आदि शोक जताने पहुंचे।

### मास्टर जागेराम शर्मा के निधन पर शोक जताया

**बाढ़ड़ा।** ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी महामंत्री व पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन सुनील शर्मा के पिता मास्टर जागेराम शर्मा के निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पहुंच कर शोक जताया। मास्टर जागेराम शर्मा बाढड़ा के निधन पर लोहारु के एसडीएम मनोज दलाल, रणबीर सिंह मंदौला ने शोक जताया।

---

### सीवर के मैनहोल के ढक्कनों की लेवलिंग का मुद्दा उठाया

# समाधान शिविर में खंभों पर लगे बिजली मीटरों के टूटे शीशे बदलवाने की मांग

- समाधान शिविर में पूर्व जिला पार्षद मान ने उठाई जनसमस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**


भिवानी के समाधान शिविर में वीरवार को पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने जनहित से जुड़ी गंभीर समस्याओं की शिकायत उपायुक्त को सौंपी। ईश्वर मान ने गांव व शहर में बिजली के पोल पर लगे पिल्लर बॉक्स व स्मार्ट मीटरों के टूटे शीशे बदलवाने, नीचे लटकते मीटरों व तारों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने, शहर के सीवर के मैनहोल के ढक्कनों को लेवलिंग में करवाने व टूटे ढक्कन बदलवाने व हलवासिया स्कूल की दीवार के साथ अक्सर पानी जमा होने की समस्या से निजात दिलवाने को फुटपाथ निर्माण करवाने की मांग उठाई। उपायुक्त को सौंपे शिकायत पत्र में मान ने कहा कि गांव व शहरों में लगे स्मार्ट मीटरों के 50 फीसदी शीशे व कवर काफी समय से टूटे हुए हैं,जिसकारण कोई भी हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।


उन्होंने कहा कि बिजली पोल पर लगे पिल्लर बॉक्स टूटे हुए हैं और मीटर नीचे जमीन की ओर लटक रहे हैं, जिन्हें बच्चों को खेलते समय व पशुओं के निकलते समय करंट लग सकता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपरोक्त मीटरों के कवर घटिया से घटिया सामग्री से बनाये गए हैं, जिसकी खरीद में कमीशन का भारी खेल खेला गया है। अब इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कभी स्मार्ट मीटर तो कभी प्रीपेड मीटर लगवा रही है। जनता के हित में शासन-प्रशासन को जयपुर वाले काले मीटर लगाने चाहिए, ताकि जनता का भला हो सके। उन्होंने कहा कि शहर में सीवर के ढक्कन मैनहॉल कवर लगभग 25 फीसदी सड़क के लेवल में नहीं हैं, कहीं सीवरेज के ढक्कन छह इंच नीचे धंसे हैं तो कही सड़क से छह इंच ऊपर निकले हुए हैं, जिसकारण ई रिक्शा, टैंपों, कार, जीप, साईकिल व मोटरसाइकिल व अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही अनेक ढक्कन टूटे हुए हैं, जहां से निकलना खतरे से कम नहीं हैं, इसलिए जनस्वास्थ्य विभाग को तुरंत प्रभाव से आदेश जारी किए जाएं कि मैनहॉल कंवर फीटिंग फ्रेम को सड़क व गली के लेवल में किया जाये। उन्होंने कहा कि इस विषय में वे छह माह पहले भी समाधान शिविर में शिकायत दे चुके हैं।



भिवानी। उपायुक्त को शिकायत सौंपने जाते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।







भिवानी। सड़क मार्ग के बीच टूटा एवं धंसा सीवरेज का मैनहॉल व ढक्कन तथा रोहतक गेट पर स्कूल की दीवार के साथ जमा गंदा पानी व बिजली के पोल पर अव्यस्थित एवं टूटे पिल्लर बॉक्स में लटकते मीटर। फोटो : हरिभूमि

#### स्कूल की दीवार के साथ सड़क के साइड में जमा रहता पानी

पूर्व पार्षद मान ने शिविर में सौंपी शिकायत में बताया कि रोहतक गेट स्थित हलवासिया स्कूल की चारदीवारी के साथ फुटपाथ बनाया जाए, क्योंकि बरसाती मौसम में दीवार के पास सड़क के साइड में पानी जमा हो जाता है, जहां से निकलना मुश्किल हो जाता हैं। वहीं रोहतक गेट पर अस्पताल के साथ फुटपाथ पर बड़े बड़े रोड़े डाले हुए हैं, जहां पैदल जाने वाले लोगों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानी होती है। दो वर्ष पहले स्कूल प्रशासन ने दीवार के साथ जलभराव होने की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए थे तो उस दौरान प्रशासन ने उन्हें रोक दिया था। मान ने उपायुक्त से मांग की कि उपरोक्त समस्या समाधान करवाया जाए।

---



बवानीखेड़ा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी और मौजूद अधिकारीगण एवं स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

- डीईओ ने कार्यक्रम में पहुंचकर विद्यार्थियों की देखी प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा**

बवानीखेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमा में विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कला, संगीत, नृत्य, नाटक, लोक परंपराओं तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र सिंह, प्राचार्या पुष्पा जोशी, प्राचार्य आनंद शर्मा, प्राचार्य भुवनेश ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

अतिथियों का विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. दहिया ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में मंच संचालन नवीन कुमार ने किया। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था एवं गतिविधियों की निगरानी प्राचार्य आनंद शर्मा, विजय जांगड़ा, संदीप शर्मा तथा प्रवीण अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, लोकनृत्यों, समूह नृत्य, एकल गायन, नाट्य प्रस्तुतियों तथा सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

#### विजेता किए सम्मानित

सांस्कृतिक महोत्सव में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के कुल 296 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनका पंजीकरण ऑनलाइन प्रक्रिया से करवाया व प्रस्तुति के लिए कोड दिए। मुख्यतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

---

## डीएलएसए ने पौधें वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- सीजेएम ने बच्चों को दी पॉक्सो कानून की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए)द्वारा वैश्य मॉडल वमावि एवं पब्लिक स्कूल बाल भवन में बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम-2012 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। सीजेएम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर पौधे वितरित किए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम, 2012 बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने वाला एक प्रभावी और संवेदनशील कानून है। सीजेएम ने विद्यार्थियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, अपराधों की जांच प्रक्रिया, दोषियों के लिए निर्धारित सजा तथा पीड़ित बच्चों को उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी दी।



भिवानी। विद्यार्थियों को संबोधित करते सीजेएम पवन कुमार।

### विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करवाएं: सीजेएम

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सीजेएम पवन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने जिला स्तर पर विडो सेल सिस्टम के तहत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने व उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने बारे में विस्तार से समीक्षा की। सीजेएम निर्देश दिए कि विडो सेल की मदद से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास किया जाए।

---

एडीसी करवा ने दिखाई हरी झंडी

## भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंजी छोटी काशी

- महाप्रभु की भव्य रथयात्रा में उमड़े छोटी काशी के श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

जय जगन्नाथ और हरे कृष्ण के महामंत्रों, शंख ध्वनि और झांझ-मंजीरों की थाप के साथ जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के तत्वावधान में वीरवार को जगन्नाथ रथयात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली।

इस अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पिछले कई साल से भिवानी में निकाली जा रही इस रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और छोटी काशी भक्ति रंग में सराबोर दिखाई दी।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सान्निध्य में रथयात्रा का संचलन हुआ। एडीसी दीपक बाबूला करवा ने हरी झंडी दिखाकर रथ यात्रा को रवाना किया। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता का ज्ञान और विशुद्ध अध्यात्म ही मानव जाति को आपा धापी से बाहर ला सकता है। इस पावन अवसर पर रथ खींचने या सिर्फ रथ के दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है।



भिवानी। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

---

### डीईओ ने अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना से कार्य करने का दिया संदेश



**चरखी दादरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बिरहीकलां में आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पांच दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण तीसरे दिन गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेन्द्र चौधरी के प्रेरक संबोधन एवं परिचय सत्र से शुरू हुआ। प्रशिक्षण प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न पांडे ने डीईओ चौधरी का स्वागत किया। डीईओ एवं प्राचार्य धर्मेन्द्र चौधरी ने प्रतिभागियों से अपने दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया तथा विद्यालयों के सुचारू संचालन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न पांडे ने स्कूल संचालन में स्कूल मुखिया, शिक्षकों एवं सुख सहायकों के बीच समन्वय पर प्रकाश डाला। प्रथम शैक्षणिक सत्र में प्रवक्ता नीरज कुमार ने कंडक्ट रूल्स विषय पर सरकारी सेवकों के कर्तव्यों, अनुशासन एवं सेवा आचरण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की व्याख्या की। द्वितीय शैक्षणिक सत्र में प्रवक्ता नरेश कुमार ने फर्स्ट एड एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया।

---

## विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं गीता के आदर्शों से परिचित करवाया

- लिटिल हार्ट्स स्कूल में श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

लिटिल हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल हुडा सेक्टर-13 में संस्था प्रधान त्रिलोकचन्द गोयल व समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया की अध्यक्षता में श्रद्धा, सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन हुआ।

विद्यालय के महासचिव डॉ. संजय गोयल, एमडी डॉ. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों तथा भगवान श्री जगन्नाथ की दिव्य परंपरा से जोड़ना था। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं मंगलध्वनि के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत, द्वीप प्रज्ज्वलन व स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीजगन्नाथ की महिमा पर आधारित मनमोहक भजन, सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक नृत्य एवं नाटिका प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीजगन्नाथ के जीवन संदेश, सेवा, अनुशासन, एकता एवं मानवता के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।



भिवानी। भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा को खींचते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

### सकारात्मक जीवन शैली का महत्व बताया

## मानसिक शांति एवं तनाव मुक्त जीवन के लिए अभ्यास किया

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग मेडिटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ़ लिविंग टीम से डॉक्टर पूनम, पवन दलाल एवं भारत भूषण ने शिरकत की।

माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग ने कार्यक्रम में पधारी टीम के सदस्यों से परिचित कराया। प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने ध्यान, श्वास तकनीक एवं सकारात्मक जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला। ध्यान सत्र के दौरान सभी प्रतिभागियों ने एकाग्रता, आत्मविश्वास, मानसिक शांति एवं तनाव मुक्त जीवन के लिए विभिन्न ध्यान अभ्यास किए। प्रशिक्षक विनोद सोनी ने सुदर्शन क्रिया के माध्यम से श्वास मन के गहरे संबंध को समझाते हुए स्वस्थ व संतुलित जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र हैप्पी मुस्कान रहा जिसके माध्यम से शिक्षकों को सदैव प्रसन्न रहने और सकारात्मक सोच विकसित करने तथा अपने आसपास के वातावरण में खुशी का माहौल बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

---

**रोष** मार्ग के दोनों तरफ बनेगा दो करोड़ की लागत से नाला

नाले पर करीबन दो करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी

# वार्ड 16 के क्षेत्रवासियों ने किया रोष प्रदर्शन, नाला निर्माण की उठाई मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा**

बवानीखेड़ा के वार्ड नंबर 16 के क्षेत्रवासियों ने वार्ड में एक तरफ बन रहे नाले को लेकर रोष जताया और नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि नाले का निर्माण सड़क दोनों तरफ किया जाए। इस संबंध में वार्डवासियों ने सामूहिक हस्ताक्षरों और अंगूठा निशानों सहित शिकायतपत्र नपा कार्यालय में सौंपने का मन बनाते हुए रोष जताया। वहीं पार्षद प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि नाला दोनों तरफ बनाया जाएगा, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। नाले का निर्माण वार्डवासियों की सुविधा एवं समस्या के निदान के लिए किया जाएगा।



बवानीखेड़ा। मार्ग के दोनों तरफ नाले के निर्माण को लेकर रोष जताते वार्डवासी।

#### डेढ़ किलोमीटर में बनेगा नाला

वार्डवासियों में लखीराम, राजेन्द्र, जोगेन्द्र, रामकुमार, लक्ष्मी, हरभगवान, गौरव, सुमन, मनफूल, अनिल, अमर, औमी, संजय व प्रेम आदि ने बताया कि वर्तमान में ठेकेदार द्वारा नाले का निर्माण सड़क की केवल एक ओर किया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर आबादी व मकानों की संख्या अधिक है। क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि दूसरी तरफ नाला नहीं बनाया तो बरसात के दौरान घरों में पानी भरने और जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य की परेशानी को देखते हुए सड़क के दोनों ओर नाले का निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को जलनिकासी की बेहतर सुविधा मिल सके। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि नगर पालिका उनकी मांग पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करेगी। इस बारे में नपा सचिव संदीप गर्ग से संपर्क नहीं हो सका। वहीं पार्षद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि वार्ड में दोनों तरफ मजबूत नाले का निर्माण करवाया जाएगा। इस नाले पर करीबन दो करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी, जो लगभग दोनों तरफ मिलाकर डेढ़ किलोमीटर की तक दूरी का बनेगा।

---

### बाबा जहरगिरी आश्रम में गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन की मां वराही की आराधना



**भिवानी।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष के गुप्त नवरात्रौ का आज दूसरा पावन दिन है, इसी के चलते सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में मां वराही की उपासना को लेकर विशेष अनुष्ठान आयोजित किए। अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज के सानिध्य में प्रातःकालीन मंगल बेला से ही आश्रम में वैदिक ऊर्जा का संचार रहा। पूजन की शुरुआत श्रीगणपतयादि कलश स्थापना के साथ हुई। इसके पश्चात षोडशमातृका, सप्तघृतमातृका, सूर्यादि नवग्रह मंडल और सर्वतो भद्र मंडल सहित विभिन्न देवताओं का आह्वान एवं स्थापना की। मुख्य अनुष्ठान के रूप में मां भगवती राजराजेश्वरी का दिव्य औषधियों से अभिषेक किया। पूरे समय वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

#### सूचना

हम, 1. जयप्रकाश पुत्र घीसू सिंह, 2. सरोज पत्नी जयप्रकाश निवासीयान लोहारी जाटू बवानी खेड़ा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करते हैं कि पहले हमने अपने पुत्र शंकर व पुत्रवधु टीना को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उपरोक्त दोनों हमारे कहने में हैं इसलिए हम उपरोक्त बेदखली सूचना को रद्द करते हैं। अब इन दोनों का हमारी चल अचल सम्पत्ति पर समान अधिकार रहेगा, जोकि पहले था।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ एवं हराभरा बनाने के लिए 20 को बैठक

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार के कुशल मार्ग दर्शन में कस्बे को स्वच्छ, हरा-भरा व जाम मुक्त बनाने के लिए आगामी 20 जुलाई, सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय में एक विशेष सामूहिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में सुरेंद्र सिंह चौक से सिवानी चौक तक रोड़ के सभी व्यापारियों, ग्राम पंचायत, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियो को आमंत्रित किया गया है।

### दिव्यांग बच्चों में ईश्वर का साक्षात निवास

**भिवानी।** तीन दिवसीय भिवानी प्रवास के दौरान महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने आस्था स्पेशल स्कूल का दौरा कर दिव्यांग बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया। विद्यालय पहुंचते ही उन्होंने नेत्रहीन, बधिर, बौद्धिक दिव्यांग एवं सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चों से भेंट की, उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों में दिव्य आत्मा का निवास होता है और आस्था स्पेशल स्कूल में वास्तव में साक्षात परमात्मा का वास है।

### सीबीएलयू कार्यक्रमों के बहिष्कार का ऐलान

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के लिए 131 एकड़ जमीन देने के बाद भी गांव प्रेमनगर के युवाओं को नौकरियों में आरक्षण नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष है। वीरवार को ग्रामीणों की आपात बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया। धरना समिति के प्रधान सेवानिवृत्त कैप्टन कलम सिंह ने कहा कि जब तक गांव के युवाओं को नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण और हटाए गए युवाओं को वापस नौकरी नहीं दी जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### 19.67 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** सदर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव चरखी निवासी राहुल उर्फ मिट्ठू को 19.67 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि एएसआई मंजीत की टीम को सूचना मिली थी कि युवक नशीला पदार्थ लेकर दादरी की ओर आ रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे पकड़ लिया।

## सीपीआईएम ने वांगचुक के समर्थन व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त करने की उठाई मांग

# माकपा ने मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर किया प्रदर्शन, उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- छात्रहित को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक आमरण अनशन पर, समाधान करे सरकारः ओमप्रकाश

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी भिवानी ने उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन करके केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त करने तथा देश में छात्रों की मांगों का समाधान करने के लिए उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भिजवाया है। उपायुक्त की तरफ से ज्ञापन लेने डीपीआरओ सुरेद्र सिंगल पहुंचे थे। प्रदर्शन से पहले सीपीआईएम के कार्यकर्ता चौधरी सुरेन्द्र सिंह पार्क के सामने इकट्ठे हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पार्टी सचिव मण्डल सदस्य करतार ग्रेवाल ने की तथा मंच संचालन सचिव मण्डल सदस्य कामरेड अनिल कुमार ने किया। माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार व राज्य सरकार विभिन्न छात्रों की दाखिला परीक्षांए व रोजगार परीक्षाएं स्वतन्त्र व पारदर्शी तरीके से करवाने में विफल रही हैं और नीट यूजी परीक्षा का पेपर लीक होने से 22 लाख से अधिक छात्रों में भंयकर निराशा हुई है और सभी परिक्षाओं में सैंकड़ों छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। छात्रों को दोबारा परीक्षा देने में भारी कठिनाईयां पैदा हुई। इसके लिए केन्द्र सरकार जिम्मेवार है और केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री को तुरन्त पद से हटाया जाना चाहिए था, लेकिन केन्द्र सरकार उसे हटाने के लिए तैयार नहीं है। इसी तरह हरियाणा सरकार हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के चैयरमेन आलोक वर्मा को हटाने के लिए तैयार नहीं है। छात्रों की जायज मांगों को लेकर प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता व पर्यावरण विशेषज्ञ गांधीवादी कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले 19 दिनों से दिल्ली के जंतर मंतर पर आमरण अनशन किए हुए है। अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के दौरान उनका 8.5 किलो वजन कम हो चुका और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है, फिर भी केंद्र सरकार उनकी उठाई मांगों पर गंभीर नहीं है। सीपीआईएम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांग करती है कि अनशनकारी सोनम वांगचुक की मांगों का समाधान करें और उनके बहुमुल्य जीवन को बचाया जाए।



**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन करते माकपा कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन में माकपा नेता सज्जन कुमार सिंगला, रामफल देशवाल, नरेश शर्मा, रतन कुमार जिंदल, जयपाल साहू, अरविंद भारद्वाज, सन्तोष देशवाल, निर्मल नाथूवास, सुरजीत आसलवास मरेठा, स्वतन्त्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रधान महेंद्र यादव, पार्टी नेता रामजस, रामनारायण, बलवान शर्मा, महेंद्र तंवर, राजबीर कादियान, महेंद्र प्रजापत, प्रताप सिंह सिंहमार, महाबीर फौजी, अश्विनी मिताथल, बलवान दहिया, अनिल श्योराण, बलवान दरोगा, सतबीर सिंह चालिया, ओमप्रकाश दलाल आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम, परिषद, पालिका व अग्निशमन कर्मी छह से तीन दिन तक करेंगे राज्यव्यापी हड़ताल

### सरकार 13 मई के समझौते से मुकरी, वादा झूठा साबितः नरेश

- कच्चे कर्मियों को पक्का करने, ठेकाप्रथा खत्म करने के पत्र जारी करें सरकार : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी में समझौता लागू करवाओ, संगठन मजबूत बनाओ जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गत 13 मई को हुए समझौते में नगर पालिका एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को 30 जून तक पूरा करने का वादा किया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बावजूद सरकार ने समझौते को लागू नहीं किया। इससे स्पष्ट हो गया कि सरकार का वादा झूठा साबित हुआ है और कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया गया है। संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री एवं महासचिव मांगेराम तिगरा ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार ने पालिका रोल पर कच्चे एवं ठेका कर्मचारियों को नियमित करने पर सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम-समान वेतन लागू करने, अग्निशमन विभाग के अनुबंध ड्राइवरों व फायरमैन को नियमित करने, फरीदाबाद आगजनी व विस्फोट में शहीद हुए भवीचन्द शर्मा व रणवीर की पत्नी को फैसले के अनुसार पक्की नौकरी तथा अन्य सहमत मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की है।


**भिवानी।** नगर पालिका कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री। *फोटो: हरिभूमि*

**हड़ताल की चेतावनी**

कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-13 में आयोजित जिला स्तरीय रैली में नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से 13 मई के समझौते को लागू करने की मांग की। राज्य प्रधान समेत अन्य नेताओं ने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 6, 7 और 8 अगस्त को प्रदेशभर के नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे। रैली की अध्यक्षता जिला प्रधान शेरसिंह ने की। नेताओं ने सरकार से कर्मचारियों की मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की।

## पेयजल सप्लाई एवं लीकेज दुरुस्त करें

- शिविर में डीडीपीओ ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और पेयजल सप्लाई लाइन में लीकेज की शिकायत पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ ने कहा कि संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। समाधान शिविर में शिकायतकर्ता कपूर सिंह ने ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी फाइल गुम होने की शिकायत रखी। इस पर डीडीपीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि कोई दस्तावेज गुम हुआ है तो उसकी शिकायत हरियाणा पुलिस की वेबसाइट पर ऑनलाइन घर बैठे ही दर्ज करवा सकते हैं।


**भिवानी।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीडीपीओ कादयान। *फोटो: हरिभूमि*

**त्वरित समाधान के निर्देश दिए**

समाधान शिविर में नागरिकों ने पेयजल, बिजली, सड़क, परिवार पहचान पत्र, स्वास्थ्य समिति और अन्य समस्याएं रखीं। गैर-सरकारी सदस्य सुनील वर्मा ने कुम्हारों के मोहल्ले में नियमित पेयजल आपूर्ति और जिला नागरिक अस्पताल की स्वास्थ्य कल्याण समिति को भंग कर नई समिति गठित करने की मांग की। वहीं कई लोगों ने घरेलू बिजली कनेक्शन, सड़क मरम्मत, पानी बिल, वेतन भुगतान, योजनाओं का लाभ और सोलर प्लेट से जुड़ी शिकायतें दीं। डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## बंदियों व कारागार वार्डरों को दी सीपीआर व फर्स्ट एड की जानकारी

**भिवानी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के आदेशानुसार व उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला कारागार में सीपीआर जागरूकता शिविर आयोजित किया। सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार ने बताया कि बताया कि आज के मशीनरी युग में काफी दुर्घटनाएं बढ़ रही है, इसी के मध्यनजर फर्स्ट एड एवं सीपीआर की जानकारी मिल का पत्थर साबित होगी। इसी उद्देश्य को आमजन तक पहुंचाने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आमजनता, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित कर रही है, जिसके माध्यम से जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर की पूर्ण जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

## 50 करोड़ से लोहानी जलाशय का वाटर पार्क की तर्ज पर होगा सौंदर्यीकरण : श्रुति चौधरी

- सिंचाई जल संसाधन मंत्री ने लोहानी में रखी सिंचाई विभाग के विश्राम गृह की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

सिंचाई जल संसाधन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि तोशाम हलका उनका परिवार है और क्षेत्र का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनके दादा चौ. बंसीलाल, पिता चौ. सुरेंद्र सिंह और माता किरण चौधरी ने क्षेत्र के विकास में अहम योगदान दिया है।कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी वीरवार को गांव लोहानी में करीब पौने पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सिंचाई विभाग के विश्राम गृह की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी भी मौजूद रहीं।श्रुति चौधरी ने कहा कि करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से लोहानी जलाशय का वाटर पार्क की तर्ज पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सरकार किसानों को सिंचाई सुविधा और लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भिवानी जिले में सिंचाई विभाग के 290 करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 75 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं।


**तोशाम।** एकत्रित लोगों को संबोधित करती मंत्री श्रुति चौधरी। *फोटो: हरिभूमि*

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई चार दुकानदारों के चालान काटे

**भिवानी।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। जेई चंचल के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जांच की। कृष्णा कॉलोनी में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग मिलने पर चार चालान काटकर आठ हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए शहर में बैनर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



## यूएस ट्रेड डील के विरोध में सांसदों को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**लोहारू।** गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री पार्क परिसर में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। प्रधान रवींद्र कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में किसानों ने अमेरिका ट्रेड डील का विरोध किया और देश व प्रदेश के सभी सांसदों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में किसानों ने अमेरिका ट्रेड डील का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस डील के विरोध में यूनियन ने देश व प्रदेश के सभी सांसदों के आवास पर धरना देने और सांसदों को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

## तनाव प्रबंधन पर जागरूकता सत्र

- शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारियों को दिए तनाव प्रबंधन के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तथा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सौजन्य से वैश्य महाविद्यालय में महाविद्यालय की नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए जीवन प्रबंधन एवं कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन विषय पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य प्रत्येक कर्मचारी के लिए उतना ही आवश्यक है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य हैं, ऐसे कार्यक्रम कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ सकारात्मक कार्य-संस्कृति के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


**भिवानी।** मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं ध्यान सत्र में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

**सकारात्मक जीवनशैली पर व्याख्यान दिया**

मुख्य वक्ता के रूप में बेंगलुरू से आर्ट ऑफ लिविंग के राष्ट्रीय शिक्षक विनोद सोनी ने दैनिक जीवन में तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन और सकारात्मक जीवनशैली पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि सही श्वास प्रक्रिया, ध्यान और नियमित साधना से व्यक्ति मानसिक संतुलन, एकाग्रता तथा कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को ध्यान एवं श्वास संबंधी व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए।

मार्केट न्यूज

## भिवानी में चांद दुपट्टा सेंटर की सेल को मिल रहा शानदार रेस्पॉन्स

**भिवानी।** बिचला बाजार स्थित चांद दुपट्टा सेंटर में 15 जुलाई से शुरू हुई विशेष सेल को ग्राहकों का उत्साहजनक रेस्पॉन्स मिल रहा है। सेल शुरू होने के पहले ही दिन से बड़ी संख्या में ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। महिलाओं और परिवारों में विभिन्न प्रकार के सूट, ड्रेस मैटेरियल और नए डिजाइनों की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सेंटर के संचालक पवन ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा और उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए इस विशेष सेल का आयोजन किया गया है। सेल के दौरान हर रंग और हर पसंद के अनुरूप सूट एवं ड्रेस मैटेरियल आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेहतर गुणवत्ता, नए डिजाइनों और किफायती दामों के कारण ग्राहकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते सेल को उम्मीद से अधिक अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सेल के दौरान सीमित समय के लिए विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं। संचालक ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी पसंद के परिधानों की खरीदारी करें।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



**धर्म कर्म**

## गीता मुस्कुराकर हर परिस्थिति का सामना करना सिखाती: गीता मनीषी

# पद का नहीं, सद्भाव एवं सरलता का हो अहंकाररहित जीवन : स्वामी ज्ञानानंद

पुत्र मोह एवं सत्ता के मोह ने करवाया महाभारत, गीता देती जीवन का सही मार्ग: ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दिनोद गेट स्थित बैंकट हॉल में तीन दिवसीय दिव्य गीता संदेश कार्यक्रम में गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने गीता के तीन प्रमुख योगों का विस्तार से वर्णन किया और मनुष्य को जीवन में कभी भी पद, प्रतिष्ठा या अधिकार का अहंकार नहीं करना चाहिए।

व्यक्ति का वास्तविक सम्मान उसकी सरलता, सहजता, विनम्रता और श्रेष्ठ आचरण से होता है। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश केवल धार्मिक ग्रंथ तक सीमित नहीं है, बल्कि ये प्रत्येक व्यक्ति को संतुलित, सकारात्मक व आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा देती है। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता अमृत मनुष्य को हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि मीरा ने विष का प्याला भी मुस्कुराते हुए स्वीकार किया, लेकिन अपने आराध्य के प्रति उनकी भक्ति कभी कम नहीं हुई।


**भिवानी।** दिनोद गेट स्थित सभागार में प्रवचन देते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

**विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कराते रहें**

गीता मनीषी ने कहा कि मीरा ने गीता के तत्वों को अपने जीवन में उतारा था, इसलिए वह हर परिस्थिति में अडिग रहीं। आज आवश्यकता कि हम भी गीता के सार और उसके जीवन मूल्यों को समझें तथा उन्हें अपने व्यवहार में अपनाएं। स्वामी ज्ञानानंद ने कमल के फूल का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार कीचड़ में खिलकर भी कमल अपनी सुंदरता, पवित्रता और आकर्षण बनाए रखता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी विपरीत परिस्थितियों में अपने चेहरे की मुस्कान, सकारात्मक सोच और सद्भाव बनाए रखना चाहिए, ऐसा व्यक्तित्व स्वयं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस अवसर पर महंत चरणदास महाराज, पूर्व आईजी दयानंद बेनिवाल, स्वामी वैदिकदेव महाराज, डॉ. मार्कण्डेय आहूजा, जितेंद्र धारेड़ू, सीबीएलयू की कुलपति डॉ. दीप्ति धर्मानी, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन शंकर धूपड, हिसार से दयानंद ग्रेवाल, जवाहरलाल मिताथल, डॉ विक्रम सिंह, हंसराज गुलाटी, शैलेंद्र जैन, सचिन जैन, पवन गोयल, सतीश शाहपुर, शशि चौधरी, डॉ. विनोद अंचल, डॉ. अनीता अंचल, नरेश आहुजा, वीरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, नीमा संरक्षक डॉ. आरबी गोयल व नीमा प्रधान डॉ. राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर किसानों को मिलेगा 50% अनुदान

**भिवानी।** फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदानभिवानी। जिले के किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2026-27 के तहत किसानों से तीन अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। उपायुक्त साहिल गुप्ता ने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए योजना शुरू की गई है। इसके तहत सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्ट्रॉ चॉपर, बेलर सहित कई कृषि यंत्रों पर अनुदान मिलेगा। आवेदन के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी है।